


# बादल-हवाओं ने गिराया दिन का पारा

## कड़ाके की ठंड में धूप भी हुई धुंधली

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसंबर. इस बार समय से पहले शुरु हुई कड़ाके की ठंड पिछले महीने भर से लोगों को हलाकान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है. पिछले 3 दिनों से इकाई में दर्ज हो रहे न्यूनतम तापमान के चलते जहां रात से लेकर सुबह तक हाड़ कंपाऊ जाड़े ने मुश्किलें बढ़ाई हुइ हैं.**

वहीं अब बादलों की चहलकदमी के साथ चलने वाली हवाओं ने दिन की धूप को भी बेअसर करना शुरु कर दिया है. मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. दिन का यह तापमान एक ओर जहां पिछले दिन की तुलना में आधा डिग्री कम आंका गया. वहीं दूसरी ओर यह सामान्य की तुलना में 1.5 डिग्री नीचे चला गया. हलांकि पिछले दिनों की तरह रविवार की सुबह भी धूप खिली हुई थी. लेकिन दोपहर होते-होते इसमें



उस वक्त खल पड़ता नजर आया जब हवाओं की गति बढ़ने के साथ ही बादलों की चहलकदमी शुरु हो गई. बादलों की चहलकदमी और हवाओं की तेज हुई गति का नतीजा यह हुआ कि कड़ाके की ठंड से राहत देने वाली धूप और उसकी गर्माहट भी धुंधली हो गई. जिसके चलते दिन के समय भी लोगों को जाड़े से कम ही राहत मिलती नजर आई. गौरतलब है कि शनिवार को इस मौसम में अब तक सबसे निचले स्तर पर न्यनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस के तौर पर दर्ज किया गया था. लेकिन शनिवार की तुलना में रविवार को न्यूनतम तापमान में कुछ इजाफा हुआ और यह 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ. लेकिन इसके बावजूद भी यह सामान्य की तुलना में 1.8 डिग्री सेल्सियस कम ही आंका गया. मौसम विभाग के अनुसार विक्षोभ और टर्फ लाइन की वजह से बादलों की आवाजाही शुरु हुई है. जिसके चलते दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है. लेकिन अगले 3-4 दिनों तक किसी तरह के मौसमी फेरबदल की उम्मीद काफी कम ही नजर आ रही है. यानी अगले सिस्टम की सक्रियता तक कड़ाके की ठंड का असर जारी रहने वाला है.

# महज 12 रु के बकाए को लेकर उपभोक्ता को थमाया नोटिस

## जानकारी सामने आने पर विद्युत अमले ने मानी गलती

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसंबर, बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर आए दिन उपभोक्ताओं की शिकायतें सामने आती रहती हैं। कभी गलत बिल, कभी बिना कनेक्शन के बिल, तो कभी अत्यधिक चार्ज कुछ न कुछ विवाद हमेशा बना रहता है, लेकिन जिले में जो मामला सामने आया है, उसने विभाग की कार्यशैली को लेकर लोगों के बीच हंसी और नाराज़गी दोनों ही पैदा कर दी है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोठी स्थित विभाग ने एक उपभोक्ता को सिर्फ 12 रुपये बकाया दिखाते हुए आधिकारिक नोटिस भेज दिया। यह नोटिस जैसे ही सोशल मीडिया पर पहुंचा, देखते ही देखते वायरल हो गया। कोठी निवासी पीयूष अग्रवाल ने जब बिजली विभाग का नोटिस हाथ में लेकर खोला, तो उन्हें उम्मीद थी कि शायद बिल में कोई तकनीकी गड़बड़ी या बड़ा अमाउंट होगा। लेकिन नोटिस में लिखा था आप पर 12 रुपये बकाया हैं, नियमानुसार भुगतान करें अग्रवाल के अनुसार उन्होंने कभी भी बिजली



का बिल लंबित नहीं रखा। सभी बिल समय-सीमा के भीतर जमा किए हैं। उनका यह भी कहना है कि वे अपने उपभोक्ता खाते में कोई बकाया नहीं देख रहे थे। ऐसे में 12 रुपये के नोटिस ने उन्हें हैरान कर दिया। इस मामले में हैरान करने वाली एक और बात यह सामने आई कि नोटिस की तारीख 22 मई 2025 दर्ज है, जबकि यह उपभोक्ता को 5 दिसंबर को विभाग के लाइनमैन द्वारा दिया गया। तारीखों की यह गड़बड़ी भी विभाग की लापरवाही का बड़ा संकेत मानी जा रही है, जिस पर उपभोक्ताओं ने सोशल मीडिया में टिप्पणी करने में भी देर नहीं लगाई।

### गलती से जारी हुई नोटिस, विभाग बैकफुट पर

मामले के बढ़ते तूल को देखते हुए कोठी के कनिष्ठ अभियंता (जेई) हेमराज सेन सामने आए। उन्होंने माना कि नोटिस त्रुटिवश भेज दिया गया। जेई हेमराज सेन ने कहा उपभोक्ता के ऊपर कोई बकाया नहीं था। लाइनमैन की गलती के कारण यह नोटिस जारी हुआ। विभाग भविष्य में ध्यान रखेगा कि इस तरह की गलती दोबारा न हो। यह स्वीकारोक्ति स्पष्ट करती है कि विभाग की आंतरिक प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है।

# जमीन विवाद: हिंसक झड़प में आधा दर्जन घायल

## उपचार के लिए रीवा रेफर, पट्टे की जमीन के लिए चली लाठी-कुल्हाड़ी

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसंबर, जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के त्योंधरी गांव में पट्टे की जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। रविवार को खेत की जुताई के दौरान हुए इस विवाद में लाठी और कुल्हाड़ी से हमला किया गया, जिसमें दो सगे भाइयों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों की पहचान त्योंधरी निवासी रामबहोरन सिंह (48) और उनके छोटे भाई ब्रजनंदन सिंह (45) के रूप में हुई है। दोनों के सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को सतना जिला अस्पताल से रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति को भी चोटें आई हैं, जिसका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घायल पक्ष ने मोहित सिंह, सुमेन्द्र सिंह, शैलेंद्र सिंह और संतोष सिंह सहित कुछ अन्य लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हमलावर पहले से ही हथियारों से लैस होकर आए थे और उन्होंने जान से मारने की नीयत से वार किए।



### न्यायालय से मिला है स्थगन

लड़ाई की वजह पट्टे की जमीन विवाद की जड़ पट्टे की एक जमीन बताई जा रही है, जिस पर दूसरे पक्ष ने कथित तौर पर कब्जा कर रखा है। इस जमीन पर न्यायालय ने पहले ही यथास्थिति (स्टे) का आदेश दिया था। इसके बावजूद आरोपी पक्ष जमीन की जुताई कर रहा था। जब रामबहोरन सिंह और उनके भाई उन्हें रोकने पहुंचे, तो उन पर हमला कर दिया गया।

### प्रकरण दर्ज जांच जारी

सूचना मिलने पर रामपुर बाघेलान पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीआई संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि विवाद की स्थित का पता चलने पर पुलिस मौके पर समझाइश के लिए गई थी। लेकिन दोनों पक्ष के। लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। घटना की जांच की जा रही है।

# घर में घुसकर मारपीट-तोडफोड के 2 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसंबर, घर में दुस्साहसिक तरीके से घुसकर मारपीट करने और कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करने जैसी घटना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।**

कोतवाली थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अलंकित अहिरवार निवासी जवाहर नगर मेन रोड ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वे साई पैलेस मे अपनी कार से गेट थे। रात करीबन 02.00 बजे वापस जैसे ही अपने घर के पास पहुचे तो देखा कि घर के सामने राज सिह चौहान अपने साथियो के साथ खडा था।



देखते ही बुरी बुरी गालियां देते हुए गाडी मे राड व पत्थर से तोड फोड करने लगा। मना करने पर जान से मारने की नियत से उनकी तरफ दौडा तो वे अपने घर में जाकर दरवाजा बंद करने लगे। तभी जबरजस्ती दरवाजा में धक्का देकर घर के अंदर घुस आये। यह देख वे दूसरे कमरे में घुस गए गए। तो राज सिंह व उसके साथी जान से मारने की धमकी देतु हुए घर से बाहर चले गए। पुलिस द्वारा विवेचना के बाद आरोपी राज सिंह बैस पिता यशवन्त सिंह उम्र 22 साल निवासी प्रेमनगर व अनुज बाल्मीक पिता तेजू बाल्मीक उम्र 24 साल निवासी बजरहा टोला को गिरफ्तार कर लिया गया।

## कैमा उन्मूलन में 37 .49 लाख की लागत से बनेगा अटल ग्राम सेवा सदन

**सतना 7 दिसंबर,** ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जनपद पंचायत सोहावल के ग्राम पंचायत कैमा उन्मूलन में शुक्रवार को नवीन पंचायत भवन अटल ग्राम सेवा सदन का भव्य भूमिपूजन समारोह आयोजित हुआ। 37.49 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस आधुनिक पंचायत भवन का भूमिपूजन सतना सांसद गणेश सिंह ने किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, अग्निवेश शुक्ला, सीईओ प्रतिपाल सिंह बागरी ,आर.बी. गौतम, सहायक यंत्री विष्णुकांत मिश्रा, उप यंत्री मनीष जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंच-सरपंच और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# कचरे की आग ट्रांसफर्मर तक पहुंची, हादसा टला

## जिला चिकित्सालय के सामने की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसंबर. जिला चिकित्सालय जैसे संवेदनशील स्थल पर रविवार की देर शाम बड़ा हादसा टल गया. मुख्य गेट के सामने मौजूद कचरे की आग निकट स्थित ट्रांसफर्मर तक पहुंचने लगी. लेकिन इससे पहले कि ट्रांसफार्मर में विस्फोट हो जाता, विद्युत अमले ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया.**

जिला चिकित्सालय के दोनों मुख्य गेट के बीच में सड़क किनारे एक विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया है. लेकिन इस स्थान का उपयोग आस पास के सभी दुकानदार अपना-अपना कचरा फेंकने के लिए करते हैं. नगर निगम का कचरा वाहन



जब कभी यहां से गुजरता है तो एकत्रित कचरे को लाद ले जाता है. लेकिन जब ननि का वाहन नहीं पहुंचता तो वहां पर कचरे का अंबार लगा रहता है. बताया गया कि रविवार की देर शाम लगभग 9 बजे किसी ने एकत्रित कचरे में आग लगा दी. देखते ही देखते आग बढ़ने लगी और ट्रांसफार्मर के नीचे पहुंच गई. बढ़ती आग ने ट्रांसफर्मर की लटक रही तारों को अपनी चपेट में ले लिया. यह दृश्य देख अस्पताल सहित आस पास के सभी लोगों के बीच दहशत फैलने लगी. आग बढ़ती देख टांसफार्मर में विस्फोट का संभावना भी बढ़ने लगी. लेकिन इसी दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय रहवासी धर्मेंद्र दुबे द्वारा घटना की सूचना विद्युत विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर दे दी गई. सूचना मिलने के कुछ देर बाद ही प्रभारी सत्येंद्र तिवारी सहित विद्युत अमले के अन्य लोग 3 वाहनों से मौके पर पहुंच गए. सबसे पहले विद्युत कनेक्शन विच्छेद किया गया. जिसके बाद बाल्टी में पानी भरकर कचरे की आग पर डाला जाने लगा. जिसका नतीजा यह हुआ कि कुछ देर में ही आग पर नियंत्रण पा लिया गया. हलांकि समय रहते सूचना मिलने पर कचरे की आग पर काबू पा लिया गया. लेकिन यदि कचरे की आग से ट्रांसफार्मर में विस्फोट हो जाता तो जिलासस चिकित्सालय जैसे संवेदनशील स्थल पर गंभीर हादसा सामने आ सकता था.




# विश्व हिंदू परिषद की बैठक केशव माधव गौ शाला में आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसंबर, विश्व हिंदू की बैठक केशव माधव गौशाला बगहा में संपन्न हुई जिसमें विश्व हिंदू परिषद के बीते कार्य क्रमों की समीक्षा आगामी कार्यक्रमों की योजना और संगठन के दृढ़ीकरण पर चर्चा हुई।**

विश्व परिषद के प्रत्येक आयाम का काम और उसके प्रमुख प्रत्येक प्रखंड में हो इसकी योजना बनाई गई बैठक की प्रस्तावना जिला अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने रखा तो परिषद कार्यों के विस्तार और उसके महत्व पर जिला मंत्री विपिन सिंह ने बात रखी उन्होंने कहा गांव गांव में परिषद की समिति और हिंदुत्व का भाव ही संगठन कार्य कर समाज को नई दिशा देगा बैठक में विभाग मंत्री राम जी गुप्ता, जिला अध्यक्ष विक्रम चौधरी, जिला मंत्री विपिन सिंह, रीता त्रिपाठी, श्रीराम पांडे, रविंद्र सिंह सत्य प्रकाश द्विवेदी आदर्श त्रिपाठी, अबीर द्विवेदी, मनीष शर्मा, रमेश मिश्रा, राकेश तिवारी, प्रकाश द्विवेदी आदर्श मिश्रा ,हिमांशु पांडे , ऋषि नारायण सिंह, विवेक पाठक, लल्लन गुरु , शिवम गुर्जर, अजय द्विवेदी, मनोज विनोदिया, अजय अग्रवाल, पंकज तोमर और मातृशक्ति से सरिता सिंह साधना राय उपस्थित रही।

# सड़क दुर्घटना में प्रभावित हुए प्रजापति परिवार से मिलने पहुंचे महापौर

## दु:खी परिवार को बंधाया ढाढ़स

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसंबर, सड़क दुर्घटना में प्रजापति समाज के पाँच सदस्यौं के आकस्मिक निधन का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ।**

आज महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने बरदाडीह (वार्ड क्र. 10) पहुँचकर शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें



सांत्वना प्रदान की। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी , नारायण तिवारी , समर सिंह , पीयूष सिंह सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया स्वाति वेयर हाउस का निरीक्षण

**सतना 7 दिसम्बर,** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने रविवार को अधिकारियों के साथ सतना जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर धान खरीदी केंद्र और वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने गंगा महिला स्व सहायता समूह खरीदी स्थल स्वाति वेयर हाउस उचेहरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# पहले दिन परीक्षित जन्म की कथा ने किया भाव विभोर

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसंबर, जिले के वरिष्ठ पत्रकार स्व. विष्णुकांत त्रिपाठी की पुण्य स्मृति में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ निज निवास बम्हनगंवा में किया गया है। जिसका प्रारंभ शनिवार को कलश यात्रा, देव पूजन के साथ हुआ।**

श्रीसंकर्षण रामानुज पीठ छोटा स्थान सोहावल के अंतर्गत भागवताचार्य गौकरणाचार्य जी महाराज ने श्रीमदभागवत कथा में रविवार को परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, भक्ति ज्ञान वैराग्य.



गोकारानोपख्यान. परीक्षित जन्म की कथा श्रवण कराया गया। उसके बाद सोमवार 8 दिसम्बर को प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, समुद्र मंथन का वर्णन, मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव, बुधवार को गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह, गुरूवार को उद्रव चरित्र, सुदामा चरित्र, शुक्रवार को दत्तात्रेय के 24 गुरूओं की कथा, शुकदेव विदाई, हवन एंव पूर्णाहुति की जाएगी।

## एक नजर में



### सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कलेक्टर को लगाया ध्वज

**सतना,** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से. नि.) ने रविवार को कलेक्टर निवास पहुंचकर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह को सशस्त्र सेना ध्वज व लेपल पिन लगाया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।




### सेनानी परिवार ने किया शहीद परिवार का सम्मान

**सतना,** हमेशा की तरह 10-10मिनट पर शहीद नमन का राष्ट्रीय कार्यक्रम अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकार परिवार समित जिला सतना द्वारा पारषद यमीन खान दारा भाई के अमर शहीद बाबा भग्गा सहानी और निहाल सहानी जो नैकहई युद्ध में शहीद हुए थे उनके वालिदों को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया .इस अवसर पर उनके परिवार के अनेक सदस्य मौजूद रहे तथा संगठन के महासचिव अरुण प्रताप सिंह पूर्व महापौर श्रीमती ममता पांडेय जिलाध्यक्ष कर्यवाहक राकेश मिश्र अरुण मिश्र गौतम जिला महासचिव कृष्णेन्द्र सिंह आर डी सिंह पूर्व डीएसपी,धर्मेन्द्र सिंह पप्पी सिंह मनोज सिंह पप्पू सिंह आदि लोग उपस्थित रहे.

### भाजपा कार्यकर्ता का घर घर संपर्क



**सतना,** श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है, इसलिए इस कार्य को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। जो मतदाता किसी कारणवश सूची से छूट गए हैं या लंबे समय से बाहर हैं, उनसे संपर्क कर आवश्यक सुधार कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ इस अभियान में योगदान देकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

# मनकहरी के फाइनल में बठिया ने जीता सांसद खेल महोत्सव का खिताब

- कोठी में वॉलीबॉल तो उचेहरा में महिला -पुरुष कब्डी मैच का शानदार आगाज

नवभारत न्यूज

**सतना 7 दिसंबर, बीते 26 नवंबर से सतना में सांसद खेल महोत्सव का आगाज लोकसभा क्षेत्र के मनकहरी व मैहर से हुआ था। लगातार इस खेल महोत्सव के आयोजन चल रहे हैं और युवा प्रतिभा को रोजाना नया मंच मिल रहा है।**

मनकहरी के सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में रविवार को क्रिकेट मैच का फाइनल खेला गया जिस में 'सांसद खेल महोत्सव' का अति उत्साही खिताब बठिया ने जीता है तो बड़ी बात यह भी रही मैन ऑफ दा टूर्नामेंट का खिताब भी विजेता टीम को ही गया। वहीं रविवार को ही कोठी में वॉलीबॉल तो उचेहरा में महिला-पुरुष कब्डी मैच के साथ 'सांसद खेल महोत्सव' का बेहतरीन आगाज



अतिथियों और दर्शकों के बीच हुआ। **फाइनल में भिड़े हिनौती - बठिया-** सतना सांसद गणेश सिंह द्वारा लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 2025 काा आयोजन कराया जा रहा है ।सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम मनकहरी रामपुर बघेलान में 26 नवंबर से क्रिकेट मैच का शुभारंभ हुआ था जिसमें 38 टीमों ने अपना प्रदर्शन किया।

### राज्यमंत्री -सांसद ने दिए प्रतिभागियों को पुरस्कार

रविवार को सांसद खेल महोत्सव के फाइनल व खेलों के आगाज में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई जबकि आयोजक सतना सांसद भी उपस्थित रहे। मनकहरी में फाइनल मैच के दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी व संसद के सदस्य गणेश सिंह ने विजेता के साथ उप विजेता टीम के खिलाडि़ों का उत्साह बढ़ाया और अपनी प्रतिभा को और बेहतर निखारने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनको पुरस्कार वितरण कराया। कोठी और उचेहरा में भी विजेता टीमों व प्रतिभागी टीमों को पुरस्कृत किया गया है।